# समाचार बुलेटिन



## उ.प.रे., जयपुर मंडल

अंक-47 त्रैमासिक ई - समाचार बुलेटिन ( जनवरी 2025 से मार्च 2025)

### 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



गणतंत्र दिवस परेड निरीक्षण करते हुए मंरेप्र श्री विकास पुरवार साथ में वरि.म.सु.आ. श्रीमती सहरिश सिद्दिकी

दिनांक 26.01.2025 को उ.प.रे., जयपुर मंडल सहित जयपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं कार्यालयों में **“76वां गणतंत्र दिवस”** मनाया गया। मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री विकास पुरवार ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त श्रीमती सहरिश सिद्दिकी के साथ रेलवे सुरक्षा बल, प्रादेशिक सेना व स्काउट-गाइड की परेड का निरीक्षण किया तथा रेलकर्मियों के नाम संदेश पढ़ा। मं.रे.प्र. श्री विकास पुरवार ने रेलकर्मियों का अभिनन्दन करते हुए मंडल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए धन्यवाद दिया। स्काउट-गाइड के बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में मंडल कार्यालय के सभी अधिकारी, उनके परिवार, ट्रेड यूनियन पदाधिकारी एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।

### 69वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में जयपुर मंडल को उत्कृष्ट कार्य हेतु 4 शील्ड



महाप्रबंधक व प्र.मु.का.धि. महोदय से सर्वश्रेष्ठ कार्य कुशल ऑफिस शील्ड प्राप्त करते हुए मं.रे.प्र. श्री विकास पुरवार, व.म.का.अधि. डॉ हिना अरोडा, व व.म.सा.प्र. श्री विनोद मीणा

दिनांक 27.02.2025 को उ.प.रेलवे प्रधान कार्यालय जयपुर के उत्सव भवन, रेलवे अधिकारी क्लब, जगतपुरा जयपुर में 69वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जयपुर मंडल को 4 शील्ड एवं मंडल के 2 अधिकारियों व 6 कर्मचारियों को उनके द्वारा की गई उल्लेखनीय रेल सेवाओं हेतु महाप्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान रेलवे बोर्ड के 69वें राष्ट्रीय अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह 2024 में पुरस्कृत रेलकर्मियों का भी अभिनन्दन किया गया। महाप्रबंधक महोदय श्री अमिताभ द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं हेतु जयपुर मंडल को विभिन्न कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय रेल सेवाओं के लिए डिजिटल भुगतान उत्साह शील्ड (वाणिज्य विभाग), सर्वश्रेष्ठ गति शक्ति यूनिट शील्ड (निर्माण विभाग), सर्वश्रेष्ठ कार्य कुशल ऑफिस शील्ड

संरक्षक
श्री विकास पुरवार
मंडल रेल प्रबंधक


मार्गदर्शन
श्री संजीव दीक्षित
अपर मंडल रेल प्रबंधक/परि. एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादक
श्री शिवचरण बैरवा
वरि. राजभाषा अधिकारी

संपादन सहयोगी
श्रीमती मोनिका, वरिष्ठ अनुवादक
श्री निखिल पारीक, कनिष्ठ अनुवादक
श्री राकेश कुमार चौधरी, जनसंपर्क निरीक्षक

कार्मिक विभाग एवं राजभाषा के लिए संयुक्त शील्ड प्रदान की गई। इसके साथ ही श्री निखिल कुमार गर्ग, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक जयपुर, श्री आदित्य सिंह पाल मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता जयपुर, श्री श्रवण कुमार यादव- वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स) फुलेरा, श्रीमती गुल्ली देवी-सामान्य सहायक (बहु कौशल) अलवर, श्री सुरेंद्र कुमार सैनी- तकनीशियन यांत्रिक, फुलेरा, श्री धीरज जैमन -मुख्य गाड़ी नियंत्रक जयपुर, प्रमोद कुमार-कांस्टेबल बांदीकुई व श्री नरेश यादव-निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल जयपुर को महाप्रबंधक स्तर पर सम्मानित किया गया ।

## दौसा स्टेशन को ऊर्जा दक्षता में मिला शून्य प्लस अवार्ड


ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY
(Government of India, Ministry of Power)

No.: BEE/Shunya Labelling/Certificates/Station/24-25/150

It is certified that Dausa Railway Station & Service Building, Dausa building has been awarded a BEE Shunya Plus Label with the details below:

| | |
|---|---|
| Name and address of the building | Dausa Railway Station & Service Building, Dausa |
| Connected load | 110 kW |
| Building Type | Station Building |
| Built up area | 2598.77 sqmts. |
| Annual Energy Consumption (Utilities + on-site non- renewable resources (kWh)) | 1,27,888 kWh/year |
| Energy Generation (from on-site renewable resources) | 1,31,649 kWh/year |
| Energy Performance Index (EPI) (Excluding electricity generated from on-site renewable resources) | (-)1.45 kWh/(sqmts.year) |
| Label Awarded | Shunya Plus |

The label would be valid for a period of 3 years from the date of issue.

Date: 12 February 2025

(Pravatanalini Samal)
Director

दिनांक 11.03.2025 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, भारत सरकार द्वारा जयपुर मंडल के दौसा रेलवे स्टेशन को 'शून्य प्लस' प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दौसा रेलवे स्टेशन यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला उत्तर पश्चिम रेलवे एवं राजस्थान का पहला स्टेशन है। दौसा स्टेशन पर ऊर्जा संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए गए हैं। दौसा स्टेशन पर प्रतिवर्ष लगभग 1.28 किलोवाट घंटा बिजली की खपत होती है जबकि स्टेशन पर स्थापित सौर ऊर्जा पैनल व नवीनीकरण ऊर्जा के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 1.32 किलोवाट घंटा बिजली उत्पन्न की जा रही है। इस प्रकार दौसा स्टेशन पर होने वाली खपत से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है तथा प्रतिवर्ष लगभग 13.20 लाख रूपए की बचत की जा रही है। ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के फलस्वरूप ही दौसा स्टेशन को शून्य प्लस अवार्ड प्राप्त हुआ है।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वियन समिति की बैठक का आयोजन

दिनांक 20.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री विकास पुरवार की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति जयपुर की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की औपचारिक शुरूआत मंडल रेल प्रबंधक के उद्बोधन से हुई। उन्होंने राजभाषा के क्षेत्र में जयपुर मंडल पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए राजभाषा प्रयोग-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं समिति सचिव श्री शिवचरण बैरवा ने बैठक की कार्यसूची की मदों पर चर्चा की एवं हिंदी का प्रयोग प्रसार बढ़ाने के लिए सभी उपस्थित समिति सदस्यों से सुझाव मांगे। बैठक में राजभाषा अनुभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक "ई-हिंदी समाचार बुलेटिन" के 46वें अंक का विमोचन मंडल रेल प्रबंधक द्वारा किया गया।



ई-बुलेटिन का विमोचन करते हुए मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री विकास पुरवार, अपर मुराधि श्री संजीव दीक्षित एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण

इस दौरान रींगस स्टेशन पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के तीन विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए ।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की मेंहदी का निरीक्षण करते हुए अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, श्रीमती शचि पुरवार एवं मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती सुनीता चौधरी

दिनांक 8 मार्च 2025 को उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर मंडल द्वारा **"अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस"** के उपलक्ष्य में अरावली अधिकारी क्लब, गणपति नगर, जयपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उ.प.रे. जयपुर मंडल के रेल परिवार की महिलाओं हेतु मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, कविता पाठ, गायन तथा नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा ग्रुप 'डी' महिला कार्मिकों को उपहार वितरण किया एवं सभी महिलाओं को अल्पाहार का वितरण किया गया।

## जयपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नवनिर्मित अवकाश गृह का लोकार्पण

दिनांक 23.01.2025 को जयपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नवनिर्मित अवकाश भवन का लोकार्पण महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री अशोक माहेश्वरी एवं मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री विकास पुरवार व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। अवकाश गृह में कर्मचारियों के लिए 10 कक्ष, आधुनिक सुविधाओं से युक्त रसोई, डाइनिंग हॉल, पुस्तकालय, योग कक्ष, जल संग्रहण हेतु हौद, गर्म पानी की सुविधा व वाटर कूलर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। यह गृह कर्मचारियों को बेहतर विश्राम सुविधा प्रदान करेगा।



रेलवे स्टेशन परिसर में नवनिर्मित अवकाश गृह का लोकार्पण करते हुए महाप्रबंधक श्री अमिताभ साथ में मंरेप्र श्री विकास पुरवार व अन्य अधिकारीगण

## फुलेरा में दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड का लोकार्पण

दिनांक 03.03.2025 को फुलेरा में दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड का लोकार्पण महाप्रबंधक श्री अमिताभ द्वारा किया गया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक श्री विकास पुरवार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



फुलेरा में दुर्घटना राहत गाड़ी व अनुरक्षण शेड का उद्घाटन

## डीआरयूसीसी बैठक का आयोजन

दिनांक 15.01.2025 को उपरे जयपुर मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की वर्ष-2025 की प्रथम बैठक मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। समिति अध्यक्ष एवं मं.रे.प्र. श्री विकास पुरवार, समिति सचिव व व.मं.वा.प्र. श्री कृष्ण कुमार मीना एवं समिति में नामित सदस्यों में से 12 सदस्य सम्मिलित हुए। समिति सदस्यों ने यात्रियों की सुविधाओं जैसे कि रेलवे स्टेशन के आस-पास स्थित रेलवे की खाली पड़ी भूमि को व्यावसायिक उपयोग के लिए विकसित करना, यात्री ट्रेनों का स्टेशनों पर ठहराव, ट्रेनों में डिब्बों की संख्या बढ़ाना, स्टेशनों पर व्यवसाय के लिए सुविधा सुधार-प्रसार, स्टेशनों पर लिफ्ट, एस्केलेटर लगाना एवं सीसीटीवी कैमरे लगाना, प्लेटफॉर्म को रेल स्तर से उच्च स्तर पर उन्नयन, नई ट्रेनों का संचालन एवं ट्रेनों का विस्तार, रेलवे फाटकों पर अंडरपास, पुलिया एवं स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज व सब-वे का निर्माण, ट्रेनों के संचालन समय में बदलाव और स्टेशनों पर कोच इंडिकेशन लगाने जैसे विभिन्न सुझाव दिए।



जयपुर मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक

## दुर्गापुरा जयपुर रेलवे स्टेशन पर "स्टेशन महोत्सव" का आयोजन



केक काटकर स्टेशन महोत्सव मनाते हुए

दिनांक 17.02.2025 को जयपुर मंडल के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के 120 वर्ष के गौरवमय इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाने हेतु दुर्गापुरा स्टेशन भवन की समाकृति का केक काटकर 'स्टेशन महोत्सव' मनाया गया। दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग 17.10.1905 को स्थापित की गई थी। स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक श्री विकास पुरवार सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेलकर्मियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान दुर्गापुरा स्टेशन के इतिहास और महत्व को दर्शाने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई ।

## जयपुर मंडल कार्यालय में "चिकित्सा शिविर" का आयोजन

दिनांक 18.02.2025 से 19.02.2025 को उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल कार्यालय में वेलनेस कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर मंडल कार्यालय में रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ मंरेप्र श्री विकास पुरवार ने किया। शिविर में चिकित्सकों के परामर्श पर ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी की जांच की गई एवं डॉ. आर.एस. मटोरिया मनोरोग विशेषज्ञ ने तनाव प्रबंधन के संबंध में एक व्याख्यान भी दिया।

## महिला कल्याण संगठन की गतिविधियां

दिनांक 14.03.2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला कल्याण संगठन जयपुर द्वारा दिनांक 7 मार्च 2025 को जयपुर स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में कार्यरत संविदाकर्मी महिला श्रमिकों को सैनेटरी पैड वितरित किए गए। दिनांक 8 मार्च 2025 को अरावली क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे कॉलोनी की महिलाओं के लिए केक एवं बेकरी आईटम बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई।



केक एवं बेकरी आईटम्स का निरीक्षण करते हुए महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शचि पुरवार एवं अन्य सदस्याएं

संगठन द्वारा जयपुर स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में कार्यरत महिला श्रमिकों एवं महिला सफाईकर्मियों को दिनांक 13 जनवरी 2025 को कम्बल, 1 किलो चावल एवं आधा किलो दाल एवं रेवड़ी वितरित किए गए। गांधीनगर स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में कार्यरत महिला श्रमिकों को दिनांक 12 फरवरी 2025 को चटाई, प्लास्टिक बाल्टी एवं बिस्किट पैकेट वितरित किए गए।

## चतुर्थ उपरे अधिकारी खेल एवं सांस्कृतिक मीट-2025 में जयपुर मंडल रहा प्रथम




सर्वश्रेष्ठ विजेता ट्रॉफी के साथ मंरेप्र महोदय श्री विकास पुरवार एवं अन्य अधिकारीगण व उनके परिवारजन

दिनांक 29 - 30 मार्च 2025 को उ.प.रे. के अधिकारियों व उनके परिवारजनों हेतु चतुर्थ खेल एवं सांस्कृतिक सम्मेलन-2025 का आयोजन उ.प.रे. प्रधान कार्यालय द्वारा किया गया। सम्मेलन में उ.प.रे. के चारों मंडल जयपुर, जोधपुर, अजमेर एवं बीकानेर तथा प्रधान कार्यालय के अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तथा खेल प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतकर जयपुर मंडल ने सर्वश्रेष्ठ ट्रॉफी प्राप्त की।

## रेलवे सुरक्षा बल, जयपुर की प्रमुख गतिविधियां

माह जनवरी से मार्च 2025, तिमाही के दौरान रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर मंडल ने विभिन्न ऑपरेशन चलाए। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं सवारी गडियों में "ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते" चलाया गया, जिसमें लावारिश हालत में मिले कुल 108 बच्चों को उनके माता-पिता अथवा गैर सरकारी संगठनों/ एनजीओ को सौंपा गया। रेलवे स्टेशनों एवं सवारी गाडियों में यात्रा के दौरान यात्रियों का खोया सामान वापस लौटाने हेतु "ऑपरेशन अमानत" चलाया गया जिसमें कुल 121 यात्रियों को 26,75,550 रूपये मूल्य का खोया हुआ सामान वापस लौटाया गया। चढ़ते एवं उतरते समय गिरते हुये यात्रियों की जान बचाने के लिए "ऑपरेशन जीवन रक्षा" चलाया गया, जिसमें कुल 03 यात्रियों की जान बचाई गई। सवारी गाड़ियों में अवैध वेंडरों की धरपकड़ कर कुल 567 अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। तिमाही के दौरान रेल सम्पति की चोरी के 09 मामले दर्ज कर 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर 264375 रूपये की रेल सम्पति बरामद की गई। उक्त प्रयासों से यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल संपत्ति की रक्षा सुनिश्चित की गई।